# लापता हुई सोमप्रीत को मोहाली से किया सकुशल बरामद

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 31 जनवरी.** भितरवार से लापता नवविवाहिता सोमप्रीत को पुलिस ने मशक्कत करते हुए मोहाली से सकुशल बरामद कर लिया गया है। जिसने पूछताछ में ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग

**कहा- ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर स्वेच्छा से गई थी**

**सिख समुदाय ने तलाशने वाली पुलिस टीम का किया स्वागत**

आकर स्वेच्छा से जाना बताया है। दस्तयाब महिला को पुलिस टीम अपनी कस्टडी में शनिवार सुबह भितरवार ले आई है, जिसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

बता दें कि बीती 24 जनवरी की सुबह भितरवार थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम आदमपुर निवासी सोमप्रीत पत्नी गुरलाल घर से संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी।



**यह है पूरा मामला-** परिजनों ने किया था थाने का घेराव उक्त घटना को लेकर लापता सोमप्रीत के मायके पक्ष द्वारा भितरवार थाने का घेराव भी किया गया था। जिनका कहना था, कि ससुराल में सोमप्रीत के साथ मारपीट की जाती थी। इसका वीडियो भी हमारे पास है। घटना वाले दिन भी सुबह चार बजे वह घर में नहाते दिखी है। इसके बाद उसे ससुरालियों द्वारा गायब कर दिया गया है, जो उसके बारे में कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया था, कि सोमप्रीत का कोई सगा भाई नहीं होने से पति व ससुर उसके पिता की संपत्ति अपने नाम करवाने का दबाव बनाने को उसे परेशान करते हैं।

**पुलिस टीम को किया सम्मानित**

पुलिस पर आरोप लगाते हुए थाने का घेराव करने वाले सोमप्रीत के परिजन उसके सकुशल वापस आने से खासे प्रफुल्लित हैं। जिन्होंने उसे तलाशकर लाने वाली पुलिस टीम की सराहना की है। वहीं उन्होंने भितरवार टीआई सुधीर सिंह कुशवाह सहित पूरी टीम को फूलमाला पहनाकर उसका सम्मान किया है।

**एंबुलेंस से आई ग्वालियर, फिर ट्रेन से पहुंची मोहधानी**

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में सोमप्रीत ने बताया कि ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर वह स्वेच्छा से घर से भाग गई थी। जो गांव से ग्वालियर तक एंबुलेंस से आई थी। इसके बाद रेलवे स्टेशन से ट्रेन में बैठकर मोहाली पहुंच गई। सोमप्रीत ने अपने पिता के साथ जाने की इच्छा जताई है। जिससे पुलिस द्वारा उसे उसके पिता व अन्य परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त कार्रवाई में भितरवार टीआई सुधीर सिंह कुशवाह, एसआई आकाश आर्य, आरक्षक अनूप शर्मा व महिला आरक्षक श्रीदेवी की सराहनीय भूमिका रही। वहीं घटना संज्ञान में आने पर एसएसपी धर्मवीर सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए एसएसपी जयराज कुबेर को उक्त महिला को जल्द दस्तयाब करवाने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में उन्होंने भितरवार एसडीओपी जितेंद्र नगाईच के मार्गदर्शन में थाने की टीम को महिला की तलाश में लगाया था। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र को अलर्ट करने के साथ ही तकनीकी सहायता ली गई। जिसके जरिए जानकारी मिली, कि उक्त विवाहिता मोहाल (पंजाब) में रह रही है। उक्त सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मोहाली के लिए रवाना हुई, जिसने वहां खोजबीन करते हुए उसे सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस टीम शनिवार सुबह महिला को अपनी कस्टडी में लेकर भितरवार लौट आई है, जिसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# इलैक्ट्रॉनिक्स शॉप की दीवार तोड़कर 80 हजार का माल चुराया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 31 जनवरी.** नकबजनों ने घने कोहरे का फायदा उठाते हुए एक इलैक्ट्रॉनिक्स शोरूम की दीवार तोड़ दी, जो वहां से हजारों का माल समेटकर ले गए। घटना महाराजपुरा थाना इलाके की है। जिसमें दुकान मालिक की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज कर उनका पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। शताब्दीपुरम निवासी अजय कुमार सूर्यवंशी की दीनदयाल नगर स्थित छावई चौराहा पर इलैक्ट्रॉनिक्स आइटम की शॉप है। रोजाना की भांति वह दुकान में ताले डालकर अपने घर लौट गए। सुबह नौ बजे के लगभग नौकर ने दुकान खोली, तो भीतर रखी उसकी साइकिल गिरी हुई पड़ी थी। जब वह साइकिल उठाने के लिए पहुंचा, तो देखा कि दुकान की साइड की दीवार में छेद हो रहा है, साथ ही वहां का सामान भी अस्त व्यस्त पड़ा हुआ है। इस पर उसने दुकान मालिक अजय को इसकी जानकारी दी। अजय ने जब चेक किया, तो पता लगा कि अज्ञात नकबजन रात के वक्त दीवार में सेंध लगाकर दुकान में से एक इनवर्टर, तीन बैटरी, पांच कार्टून कॉपर वायर, पांच बंडल एल्युमीनियम वायर, आठ बंडल लाइट वाली लेजम, हार्डडिस्क, आठ कैमरे वाला डीवीआर सहित

अन्य सामान पार कर ले गए हैं। चोरी गए माल की कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई गई है।

प्लॉट के साइड से तोड़ी दीवार घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जब मौका मुआयना किया, तो पता लगा कि दुकान के दो तरफ प्लॉट हैं। चोरों ने प्लॉट के साइड से दीवार तोड़कर दुकान में प्रवेश किया.

# कच्ची शराब लेकर जा रहे दो तस्कर दबोचे

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 31 जनवरी.** चोरी की बाइक पर कच्ची शराब लेकर जा रहे दो तस्करों को आरोन थाना पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान दबोचा है। आरोपियों के कब्जे से 315 बोर का लोडेड कट्टा भी बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ प्रकरण

**आरोपियों के कब्जे से 315 बोर का लोडेड कट्टा बरामद**

पंजीबद्ध कर उनसे पूछताछ की जा रही है।

एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर बीते रोज जिले भर में पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त किया गया था। इसी क्रम में एएसपी जयराज कुबेर एवं घाटीगांव - एसडीओपी शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में आरोन थाना पुलिस भी क्षेत्र में गश्त पर निकली हुई थी। इसी दौरान उसे मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि रानीघाटी से मोहना की तरफ दो लोग बिना नंबर की बाइक से अवैध कच्ची शराब लेकर बेचने



के लिए जा रहे हैं। जिन्हें पहले से ही अलर्ट पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए धर दबोचा। जिनके पास मौजूद प्लास्टिक की कैन को चेक करने पर उसमें 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब भरी मिली। जबकि युवकों की तलाशी लेने पर उनके पास से एक 315 बोर का लोडेड कट्टा भी बरामद हुआ है। आरोपियों को थाने लाकर की गई पूछताछ में उन्होंने अपने नाम मंजेश रावत पुत्र राकेश रावत (22) एवं धर्मेंद्र रावत पुत्र हरीसिंह रावत (21) निवासीगण ग्राम राजपुर थाना करैरा जिला शिवपुरी बताया है।

वहीं उनके पास मौजूद बाइक भी उन्होंने दो तीन महीने पूर्व महलगांव से चोरी करना स्वीकारा है। पुलिस द्वारा आरोपियों से चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्रवाई में आरोन थाना प्रभारी अभिनव शर्मा, एएसआई लखन सिंह, प्रधान आरक्षक रामसेवक, सतीश परिहार, आरक्षक विवेक कौरव, डाल सिंह, रूपेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, ज्योतेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह व सुनील बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

# सपनों को लगे पंख, विद्यार्थियों के लिए खुला आसमान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 31 जनवरी.** एमिटी विश्वविद्यालय का पांचवां भव्य दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. असीम के. चौहान ने की। उन्होंने छात्रों को बधाई देते हुए

**एमिटी विवि का दीक्षांत समारोह आयोजित**

कहा कि एमिटी विश्वविद्यालय ने आपको खुले आसमान में उड़ने के लिए तैयार कर दिया है। दुनिया में जाकर अपना और अपने माता पिता सहित एमिटी विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाएं। एमिटी समूह राष्ट्र निर्माण की दिशा में युवाओं को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। दीक्षांत समारोह में शिक्षा एवं उद्योग जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों को मानद उपाधियों से सम्मानित किया गया। जिसमें मर्सिडीज-बेंज इंडिया के मुख्य कार्यकारी




अधिकारी संतोष अय्यर को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से विभूषित किया गया, वहीं टाटा टेक्नोलॉजीज के वाइस प्रेसिडेंट मनीष कोहली तथा लिंक्डइन के एपीएसी हेड श्री मोहम्मद फहद को ऑनरेरी प्रोफेसरशिप प्रदान की गई। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में अय्यर ने छात्रों को जीवन में लक्ष्य ऊंचा रखने और बड़ा सोचने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और कार्य करने की लगन से ही आदमी ऊंचे मुकाम तक पहुंच सकता है। इस अवसर पर एमिटी समूह के संस्थापक डॉ. अशोक के. चौहान ने अपने संदेश में छात्रों को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अनुशासन, कड़ी मेहनत, लगन और वैश्विक दृष्टिकोण को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो डॉ आर एस तोमर ने विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने वर्ष 2024-25 के दौरान विश्वविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों और शोध कार्यों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने छात्रों को एमिटी विश्वविद्यालय का नाम हमेशा ऊंचा रखने का संकल्प दिया। वहीं विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी. के. शर्मा (सेवानिवृत्त) ने अपने उद्बोधन में नैतिक मूल्यों और उत्कृष्टता के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि अपने जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहें और अपने देश का नाम रोशन करते रहें। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के 1214 छात्रों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधियां तथा 13 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। साथ ही उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 22 गोल्ड मेडल, 10 बेस्ट ऑलराउंड स्टूडेंट ट्रॉफी एवं 10 छात्रों को श्री बलजीत शास्त्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रजिस्ट्रार डॉ राजेश जैन ने सभी ग्रेजुएट छात्रों को उपाधि प्राप्त करने की शपथ दिलाई। दीक्षांत समारोह में एमिटी विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के कुलाधिपति डब्लयू. सिल्वामूर्ति, एमिटी समूह के वरिष्ठ अधिकारी अतुल कुमार कोकन्ठकर सहित शहर के प्रमुख विश्वविद्यालयों के कुलपति, गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, प्रबुद्धजन, प्रो. वाइस चांसलर प्रो. डॉ. एम. पी. कौशिक, सहित सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं पालकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# 950 करदाताओं से वसूला 80 लाख से अधिक का संपत्तिकर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 31 जनवरी.** नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों एवं बस्तियों में विशेष संपत्तिकर संग्रहण शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें उन संपत्तियों पर भी कर वसूली की गई जिनके पास पंजीयन (रजिस्ट्री) नहीं है, किंतु नोटरी दस्तावेज एवं वैधानिक कब्जा विद्यमान है।

अपर आयुक्त श्री मुनीश सिकरवार ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार चारों विधानसभा क्षेत्रों अंतर्गत शिविरों का संचालन उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, श्री मुकेश बंसल , श्री उत्तम जखेनिया, श्री रजनीश गुप्ता एवं शअन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया।

इन शिविरों में नागरिकों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि ऐसी संपत्तियों पर भी संपत्तिकर जमा किया जा सकता है।

शहर भर में आज संपत्ति करके लगाए गए शिविरों में 950



हितग्राहियों ने 80 लाख 45 हजार रुपए जमा किये। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आज नगर निगम द्वारा संपत्ति कर शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में विशेष कर काबिज संपत्तियां के संपत्ति धारकों को संपत्ति कर जमा करने के लिए प्रेरित किया गया। आज के शिविर में लगभग 500 से अधिक ऐसे संपत्ति धारकों द्वारा अपने दस्तावेज उपलब्ध कराए गए जिनके पास संपत्तियों की रजिस्ट्री इत्यादि नहीं थी।

नगर निगम के दक्षिण एवं पूर्व क्षेत्र में अनेक बड़े बकायेदारों की संपत्ति पर कर ना जमा करने की स्थिति में तालाबंदी करने की कार्यवाही भी की गई।

संपत्ति कर शिविर में क्षेत्रीय कार्यालय 4,5,6 के अंतर्गत 2481688 रुपए संपत्ति कर जमा हुआ, इसके साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय 01,07 के अंतर्गत 531053 रुपए संपत्ति कर, क्षेत्रीय कार्यालय 10 के अंतर्गत 166284 रुपए, क्षेत्रीय कार्यालय 12 व 4 के अंतर्गत 373645 रुपए संपत्ति कर जमा हुआ। इसके साथ ही वार्ड 11 में 112998 रुपए, वार्ड 17 में 2102448 रुपए, वार्ड 18 में 301929 रुपए, वार्ड 39 में 599000 रुपए, वार्ड 7,8,15 में 209769 रुपए, वार्ड 6,9,10 में 76719 रुपए, वार्ड 51,58,59 में 489651 रुपए, वार्ड 61,62,63,64 में 812403 रुपए संपत्ति कर जमा हुआ। साथ ही अन्य वार्डों में भी संपत्तिकर शिविर आयोजित किए गए जहां बड़ी संख्या में शहर के नागरिकों ने अपना संपत्ति कर अदा किया।

# घर से बेचता था गांजा, पुलिस ने पकड़ा

**ग्वालियर 31 जनवरी.** गिजौर्रा थाना पुलिस ने ग्राम लखनोती के एक घर में दबिश देकर गांजा बेचने के आरोपी को पकड़ा है। आरोपी के पास से 720 ग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत करीब 10 हजार रुपए बताई गई है। गांजा बेचने वाला किससे गांजा खरीदता था इसकी जानकारी पुलिस को मिल चुकी है और सप्लायर की घेराबंदी प्रारंभ कर दी है। गिजौर्रा थाना प्रभारी उपेन्द्र सिंह धाकड़ ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि ग्राम लखनोती में एक घर से गांजा बेचा जा रहा है। गांजा बेचने वाला पुड़िया बनाकर इसकी सप्लाई करता है, जिससे किसी को भनक नहीं लगे। पुलिस को जब यह जानकारी लगी तो एक टीम बनाकर गांजा बेचने वाले राहुल उर्फ प्रमोद जाट के घर दबिश देने के लिए भेजी गई। आरोपी राहुल के घर पुलिस ने दबिश देकर तलाशी ली तो वहां से गांजा मिल गया। गांजे की तोल कराई गई तो 720 ग्राम निकला। घर से गांजा बरामद होते ही पुलिस ने राहुल उर्फ प्रमोद जाट को उठाया और थाने की हवालात में बैठा दिया।

# गदाईपुरा संजय नगर रोड पर निकली सुरंग, पहुँचे सुनील शर्मा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 31 जनवरी.** प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा गदाईपुरा संजय नगर रोड धँसने और बड़ी सुरंग निकलने की जानकारी मिलने पर मोके पर पहुँच कर प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि यह बेहद निंदनीय है, शहर में लगातार सड़कों में सुरंग निकल रही है। पहले चेतकपुरी पर फिर सागर ताल रोड पर नदी गेट पर विकास प्राधिकरण ऑफिस के सामने और अब संजय नगर पर सड़कों में निकलती सुरंग सड़क में गड्ढों की वज़ह से रोज लोग चोटिल हो रहे हैं । जिसका दंश शहर की जनता रोज चोटिल होकर भुगत रही है । भाजपा के मंत्री संत्री तंत्री सत्ता के मद में मस्त है शर्मा ने शासन व प्रशासन को चेतावनी दी कि जनता के जीवन से खिलवाड़ बंद करे नहीं तो जंगी आंदोलन किया जाएगा



प्रदर्शन करने वालों में रामनरेश शर्मा ,नीतेश बाथम नीतेश सिंह, बालकिसन राठौर सुनील प्रजापति, मोनू राठौर भोलू शर्मा, भीष्म भदोरिया राजेन्द्र सिंह राठौर, श्यामवीर गुर्जर, बबलू पटेल, जितेंद्र प्रजापति राहुल राठौर, आदित्य, शिवम राठौर, बाके बिहारी पटेल, सूरज राठौर, संतोष कुमार, धर्मवीर लोधी, प्रदीप मिश्रा, ख्यालीराम रामबरन मगरौलिया, बलवंत बघेल उदय प्रजापति, मोनू प्रजापति, मोनू चौहान, सुरेंद्र पाल, दीपक बघेल, रामसेवक गुर्जर, कमल सिंह, मोनू राजावत, राम सहाय तोमर, अभय सिंह, दीपक शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# जमीन बंटबारे में जेठ-जेठानी ने विवाहिता को पीटा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 31 जनवरी.** बंटवारे के बाद घर में अपने-अपने हिस्से में रहने के बावजूद जेठानी-देवरानी के बीच विवाद थमा नहीं। मारपीट और तानों से तंग देवरानी थाने की दहलीज पर पहुंच गई और जेठ-जेठानी के खिलाफ मामला कायम करा दिया। घटना पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के ग्राम बरौआ में बीती रात की है। पुलिस ने देवरानी की शिकायत पर उसकी जेठानी और जेठ के खिलाफ परेशान करने, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला कायम कर लिया है। उमेश राजपूत अपनी पत्नी दीपा राजपूत के साथ पुश्तैनी मकान में रहता है। घर का बंटवारा हो चुका है और एक हिस्से में उमेश तथा दूसरे हिस्से में उसका बड़ा भाई नीरज राजपूत व उसकी पत्नी शशि राजपूत रहते हैं। जमीन का बंटवारा हुआ नहीं है, इस पर दोनों भाइयों के बीच विवाद चल रहा है। शुक्रवार रात को दीपा राजपूत घर के

बाहर चबूतरे पर खड़ी थी। तभी उसका जेठ नीरज वहां पहुंचा और कहने लगा कि तुम इस घर में नहीं रह सकतीं। दीपा ने कहा कि क्यों नहीं रह सकती यह हमारे हिस्से का घर है। उसी समय दीपा की जेठानी वहां पहुंच गई और उससे विवाद करने लगी। विवाद इतना बढ़ा कि नीरज और शशि ने दीपा के साथ मारपीट करना शुरु कर दी। घर के बाहर शोर-शराबा सुनकर दीपा का पति उमेश बाहर निकला तो शशि और नीरज राजपूत ने डंडा उठा लिया और दोनों की पिटाई करने लगे।

रात को गांव में शोर-शराबा सुनकर अन्य गांववासी एकत्रित हुए और बीच-बचाव कराकर मामला शांत कराया। मारपीट से दीपा और उसके पति उमेश राजपूत को चोट लगी और खून बहने लगा।

**घरेलू विवाद पर बेटे ने 70 वर्षीय पिता को पीटा**

ग्वालियर। घरेलू विवाद के चलते कलियुगी पुत्र ने गाली- गलौज करते हुए अपने 70 वर्षीय बुजुर्ग पिता की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गए। घटना डबरा सिटी थाना इलाके की है, जिसमें पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। डबरा सिटी थाने में बाथम कॉलोनी निवासी 70 वर्षीय गंगाराम बाथम ने शिकायत की है, कि बीते रोज उसका अपने बेटे मानसिंह से घर-गृहस्थी की बातों को लेकर कहा-सुनी हो गई थी। इससे बेटा इतना आक्रोशित हो गया, कि उसने गाली- गलौज करते हुए डंडे से उनकी मारपीट कर दी गई। जिससे वह चोटिल हो गए। पड़ोसियों ने आकर उन्हें बचाया। जिसके बाद वह थाने आए हैं। पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

# जेयू में पैनल वार्ता :समाज के प्रति अधिवक्ताओं के कर्तव्यों पर मंथन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 31 जनवरी.** जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी डिबेट सोसायटी के तत्वावधान में 'समाज के प्रति अधिवक्ताओं के कर्तव्य' विषय पर विशेष पैनल वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधि विशेषज्ञों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं और शिक्षाविदों ने अधिवक्ताओं की सामाजिक जिम्मेदारियों पर गहन विचार-विमर्श किया। मंच संचालन एडवोकेट निक्की यादव एवं अभिलाषा राय द्वारा किया गया।

पैनल चर्चा को संबोधित करते हुए ग्वालियर हाईकोर्ट अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पवन पाठक ने कहा कि अधिवक्ता केवल न्यायालय तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे समाज के सजग प्रहरी भी होते हैं। राज्य अधिवक्ता



परिषद मध्यप्रदेश के सदस्य जयप्रकाश मिश्रा ने अधिवक्ताओं की नैतिक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि न्याय की रक्षा तभी संभव है, जब वकील अपने पेशे में पारदर्शिता और ईमानदारी बनाए रखें।

अतिरिक्त महाधिवक्ता दीपेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि अधिवक्ताओं ने ऐतिहासिक रूप से सामाजिक आंदोलनों और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पूर्व उपमहाधिवक्ता वीरेन्द्र पाल ने वंचित और कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने को अधिवक्ताओं का प्रमुख सामाजिक दायित्व बताया।

इस अवसर पर राजेश शुक्ला, अंकुर मोदी और विष्णु शिवहरे ने भी विचार रखते हुए कहा कि कानून का सही अर्थ तभी सार्थक होता है, जब वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

माधव लॉ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नीति पांडेय ने कहा कि इस प्रकार की पैनल वार्ताएं विद्यार्थियों को कानून के सामाजिक प्रभाव और उसके व्यावहारिक पक्ष से जोड़ने में सहायक होती हैं। अटल बिहारी वाजपेयी डिबेट सोसायटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं में सामाजिक न्याय, संवैधानिक मूल्यों और अधिवक्ता की भूमिका के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा।

कार्यक्रम के समापन पर प्रश्न-उत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने वक्ताओं से सीधे संवाद कर विषय को और अधिक गहराई से समझा। कार्यक्रम में मंचासीन वक्ताओं द्वारा उपस्थित अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

**इनका किया गया सम्मान**

इस अवसर पर अल्ला त्रिपाठी, किशन मुद्गल, अशोक सिंह चौहान और नीरज भार्गव को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी डिबेट सोसायटी के अध्यक्ष विशाल सैंथिया, उपाध्यक्ष रविंद्र बघेल सहित एडवोकेट विद्यार्थी अर्चित शर्मा, राजा चौहान, संतोष पाठक, जुबेर राइन, रविन्द्र शर्मा, अभिषेक राजपूत, रामदास गौतम और संस्कार शर्मा मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95